# जिला अस्पताल में डॉक्टर गायब ...खाली पड़े कैबिन

**बड़वानी, ( नवभारत )।**




जिला अस्पताल में डॉक्टरों की मनमानी से मरीज परेशान हैं। शुक्रवार को हमारी टीम ने ओपीडी का वास्तविक स्थिति (रियलिटी चेक) किया तो बदहाली सामने आई। शिशु रोग विशेषज्ञ के तीन केबिन में से दो खाली मिले। सिर्फ एक केबिन में डॉ नागौर मौजूद थे। मेन ओपीडी में मेडिसिन विशेषज्ञ भी नदारद थे। डॉक्टरों के नहीं होने से मरीजों को इलाज के लिए भटकना पड़ा।

कई सरकारी डॉक्टर ड्यूटी समय में निजी क्लीनिक पर बैठते हैं। इस कारण ओपीडी में अक्सर नहीं आते। सरकारी वेतन तो लेते हैं, लेकिन इलाज अपने निजी क्लीनिक पर करते हैं। मजबूरी में मरीजों को पैसा देकर निजी क्लीनिक पर इलाज कराना पड़ता है। प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए। वहीं अंजड़ निवासी जसवंती ने बताया कि मुझे गुरुवार रात 11 बजे प्रसूति के लिए जिला महिला अस्पताल लाया गया। दो सिजेरियन हो चुके थे, तीसरे ऑपरेशन की जरूरत थी। ड्यूटी डॉक्टर तस्लीम शेख ने हालत गंभीर बताकर इंदौर रैफर का दबाव बनाया। परिजनों ने असमर्थता जताई तो डॉ सुशीला चौहान से बात कराई गई। उन्होंने सरकारी अस्पताल में ऑपरेशन से मना कर दिया। परिजन जब निजी अस्पताल पहुंचे तो डॉ सुशीला चौहान सिजेरियन के लिए तैयार हो गई। सरकारी अस्पताल लौटने पर भी डॉ तस्लीम शेख ने ऑपरेशन से मना कर दिया। लिखित में जिम्मेदारी न होने का लेकर जसवंती को भर्ती किया। शुक्रवार सुबह डॉ प्रतिभा अवस्थी ने जसवंती को स्वस्थ बताया और कहा कि प्रसूति में 30-40 दिन बाकी हैं। राजपुर के 3 डॉ निजी लैब से कमीशन लेने पर लोकायुक्त के शिकंजे में फंस चुके हैं। मरीज इलाज की उम्मीद लेकर अस्पताल आता है, लेकिन खाली कुर्सियां मिलती हैं। सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं के दावे करती है, लेकिन गरीब मरीज प्रशासन की अनदेखी का शिकार हो रहे हैं।

जसवंती के परिजन नपा एल्डरमैन और भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्णा गोले ने आरोप लगाया कि डॉ सुशीला चौहान ने फायदे के लिए प्रसूति समय से पहले ही गंभीर बताकर इंदौर रैफर का दबाव बनाया। सरकारी अस्पताल में सिजेरियन से मना कर दिया। लेकिन निजी अस्पताल में तुरंत सिजेरियन के लिए तैयार हो गई। सुबह डॉ प्रतिभा अवस्थी ने सोनोग्राफी के बाद 30-40 दिन बाद प्रसूति बताई और छुट्टी कर दी। इससे जबरन सिजेरियन की पुष्टि होती है। आरोप है कि सोनोग्राफी भी डॉण् सुशीला चौहान ने अपने निजी क्लीनिक पर की। कृष्णा गोले ने बताया कि शुक्रवार सुबह 10 बजे सिविल सर्जन डॉ मनोज खन्ना को फोन कर गुहार लगाई। डॉ खन्ना जिला प्रसूति अस्पताल पहुंचे। प्रसूता को चेक किया और ड्यूटी डॉक्टर से बात की। उन्होंने यहीं डिलीवरी कराने के आदेश दिए। परिजनों को आश्वस्त किया कि सिजेरियन यहीं होगा।

> **सबूत मिले तो करेंगे कार्रवाई**
>
> निजी अस्पताल में इलाज का ऑन पेपर सबूत मिलता है, तो कार्रवाई होगी। आरोप-प्रत्यारोप जांच का विषय है। शाम को किसी डॉक्टर को छुट्टी नहीं दी थी। मैं ऑफिस में था। छुट्टी का आवेदन नहीं मिला। शिकायत या निरीक्षण में अनुपस्थित मिले तो कार्रवाई की जाएगी।
>
> **डॉ मनोज खन्ना, सिविल सर्जन बड़वानी**



# पुलिस ने 24 घंटे में चोरी के आरोपी को पकड़ा

**सेंधवा, ( नवभारत )।**

शहर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी की मोटरसाइकिल बरामद कर आरोपी को 24 घंटे में गिरफ्तार किया। एसप पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन, एएसपी धीरज बब्बर एवं एसडीओपी अजय वाघमारे के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई।

थाना प्रभारी दिनेश सिंह कुशवाह के नेतृत्व में गठित टीम ने 8 मई 2026 को दर्ज मोटरसाइकिल चोरी के मामले में जांच शुरू की। फरियादी कय्यूम पिता मोहम्मद चौहान निवासी देवझिरी रोड सेंधवा ने मोटरसाइकिल चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने 15 से 20 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालकर आरोपी की पहचान की और सायबर सेल की मदद से उसकी लोकेशन ट्रैक की। पुलिस ने आरोपी जितेंद्र पिता सुवालाल खरते (19) निवासी वेरवाडा थाना पाटी को गिरफ्तार कर चोरी गई मोटरसाइकिल बरामद की।

# 3 दिन चला सड़क मरम्मत कार्य, मंत्री दौरे के बाद बंद

- **बीएल जैन ने मुख्यमंत्री सहित अधिकारियों को भेजा पत्र, की मांग**

**सेंधवा, ( नवभारत )।**

टोल प्लस एन्युटी योजना के तहत निर्मित सेंधवा से व्हाया पलसुद-बड़वानी अंतरप्रांतीय मार्ग का मरम्मत कार्य पिछले 16 दिनों से बंद पड़ा है। जबकि इस कार्य के लिए 78 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति 30 मार्च को मुख्य अभियंता द्वारा जारी की जा चुकी है।

### सामाजिक कार्यकर्ता ने की मांग

सामाजिक कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता बीएल जैन ने इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री, लोक निर्माण मंत्री, प्रबंध संचालक एवं मुख्य अभियंता एमपीआरडीसी तथा कलेक्टर को पत्र भेजकर उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।



### 57 किमी का है मार्ग

बीएल जैन ने बताया कि 57 किलोमीटर लंबे इस मार्ग का निर्माण वर्ष 2011-12 में टोल योजना के तहत हुआ था, जिसकी अवधि दिसंबर 2026 में समाप्त होगी। लंबे समय से रखरखाव नहीं होने पर उन्होंने पिछले चार महीनों से विभागीय अधिकारियों को शिकायत भेजी थी। इसके बाद 1 अप्रैल से एमपीआरडीसी ने टोल कंपनी का अनुबंध समाप्त कर टोल कलेक्शन अपने अधीन ले लिया।

### केवल मंत्री प्रवास तक चला कार्य

बीएल जैन के अनुसार लगातार पत्र व्यवहार के बाद 22 से 24 अप्रैल तक बड़वानी से सिलावद के बीच मरम्मत कार्य कराया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि 25 अप्रैल को लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के सिलावद प्रवास को देखते हुए ही रात-दिन कार्य कर सड़क सुधारी गई, ताकि विभाग की छवि बेहतर दिखाई दे सके। मंत्री के लौटते ही 25 अप्रैल से कार्य बंद कर दिया गया। उन्होंने कहा कि अधिकारियों से जानकारी लेने पर भी कार्य बंद होने का कोई ठोस कारण नहीं बताया गया।

> **जैन ने की मांग**
>
> बीएल जैन ने सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों का हवाला देते हुए कहा कि बदहाल सड़क पर टोल वसूली नहीं होना चाहिए। उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई करते हुए मरम्मत कार्य शुरू होने तक टोल वसूली स्थगित करने की मांग की है।

# एसपी के निर्देशन में सभी थानों में हुई अपराध समीक्षा बैठक

**बड़वानी, ( नवभारत )।**

पुलिस ने जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से 10 मई को एसपी पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन में सभी थाना प्रभारियों द्वारा विवेचकों की अपराध समीक्षा बैठक की गई। इस दौरान लंबित अपराध, मर्ग, चालान, शिकायत जांच, गुम इंसान, सीएम हेल्पलाइन, ई-समंस, वारंट, राहत प्रकरण एवं ई-डार संबंधी प्रकरणों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई तथा उनके शीघ्र एवं समय-सीमा में निराकरण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश सहित अन्य निर्देश भी दिए गए।



थाना प्रभारियों ने आमजन से संवाद स्थापित कर सुरक्षा संबंधी सुझाव लिए। साथ ही अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या असामाजिक तत्वों की जानकारी तत्काल पुलिस को दें।

# नगरीय क्षेत्र में महिला और अन्य प्रगणकों द्वारा प्रथम चरण का 100 प्रतिशत कार्य करने पर किया अभिनन्दन

**पानसेमल।** कलेक्टर जयतिसिंह के निर्देशन में ग्रामों एवं नगरीय क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न वार्डों में जनगणना 2027 के प्रथम चरण के दौरान मकान सूचीकरण, मकानों की गणना कार्य जारी है। नगरीय चार्ज नगर परिषद पानसेमल क्षेत्र अंतर्गत पर्यवेक्षी सर्किल क्रमांक 001, एचएलबी क्रमांक 12 (वार्ड क्रमांक 08) की प्रगणक अर्चना जाधव द्वारा निकाय क्षेत्र में मकान सूचीकरण का कार्य सबसे पहले 100 प्रतिशत पूर्ण किया गया। कार्य पूर्ण किए जाने पर चार्ज जनगणना अधिकारी एवं सीएमओ संतराम चौहान द्वारा पुष्पहार भेंट कर स्वागत एवं उत्साहवर्धन किया गया। इस दौरान मास्टर ट्रेनर एवं सुपर वाईजर भगवान चौधरी, प्रगणक राम जाधव, जनगणना सहायक प्रदीप साटोटे, राजस्व प्रभारी विनोद बरडे सहित स्टॉफ उपस्थित रहा।





# इंदौर-सेंधवा हाइवे पर नर्मदा नदी पर बनेगा एक और पुल...

- **इंदौर से सेंधवा तक होगा राष्ट्रीय राजमार्ग चौड़ा**
- **चौड़ीकरण का डीपीआर कार्य तेजी से जारी**
- **फोर लेन को छह लेन में बदलने की तैयारी**

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** इंदौर-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग 52 को छह लेन चौड़ी करने के लिए एनएचएआई द्वारा डीपीआर बनाने का कार्य चल रहा है. इंदौर से सेंधवा महाराष्ट्र सीमा तक करीब 160 किलोमीटर लंबी सड़क को 4 लेन से 6 किया जाएगा. उक्त योजना में खास बात यह है कि नर्मदा नदी पर एक नया पुल निर्माण भी प्रस्तावित किया गया है. सड़क चौड़ीकरण होने के बाद लॉजिस्टिक और माल परिवहन क्षमता बढ़ने, यातायात का सुचारू संचलन और दूरी तय करने का समय कम होगा.

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण इंदौर से सेंधवा महाराष्ट्र सीमा तक लगभग 160 किलोमीटर लंबे राष्ट्रीय राजमार्ग-52 को 4-लेन से 6-लेन चौड़ा करने की योजना काम कर रहा है. योजना के लिए डीपीआर तैयार करने का कार्य चल रहा है। डीपीआर को अंतिम रूप दिए जाने के बाद निर्माण कार्य को विभिन्न चरणों में किया जाएगा. ध्यान रहे कि आगरा-मुंबई कॉरिडोर का इंदौर से सेंधवा तक उक्त सड़क अभिन्न हिस्सा है, जो उत्तर भारत को पश्चिमी एवं दक्षिणी भारत से जोड़ते हुए भारी मालवाहक यातायात का प्रमुख मार्ग है. इंदौर एवं मुंबई को आर्थिक एवं औद्योगिक क्षेत्र से जोड़ने वाली उक्त सड़क पर निरंतर यातायात दबाव बढ़ रहा है. एक अनुमान के अनुसार रोज लगभग 40 हजार वाहनों का आवागमन होता है. प्रस्तावित 6-लेन सड़क चौड़ीकरण से उक्त मार्ग पर समय बचत और लॉजिस्टिक्स नेटवर्क बढ़ जाएगा.

**लॉजिस्टिक नेटवर्क मजबूत हो जाएगा**-वहीं एनएच-47 तथा प्रस्तावित इंदौर वेस्टर्न बायपास के साथ क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नेटवर्क मजबूत हो जाएगा. उक्त सड़क चौड़ीकरण का सबसे ज्यादा फायदा पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र को मिलेगा.

> **सर्विस रोड निर्माण भी प्रस्तावित**
>
> चौड़ीकरण योजना में भेरू घाट, बाकानेर घाट एवं बिजासन घाटों का नए सिरे से विकास प्रस्तावित है. चौड़ीकरण में खलघाट नर्मदा नदी पर समानांतर पुल का निर्माण भी प्रस्तावित है. इससे मौजूदा यातायात का दबाव कम होगा. साथ ही चौड़ीकरण में शहरी एवं अर्ध-शहरी क्षेत्रों में बायपास एवं सर्विस रोड का निर्माण प्रस्तावित है. इसके अतिरिक्त प्रमुख जंक्शनों पर फ्लाईओवर, अंडरपास एवं सर्विस रोड बनाए जाएंगे. इससे हाईवे और स्थानीय यातायात अलग अलग हो जाएगा. जाम से मुक्ति मिलेगी.

# गवली पलासिया गोशाला के पास तेंदुए की दस्तक, ग्रामीणों में दहशत

इंदौर. महू क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में तेंदुए की हलचल लगातार बढ़ती जा रही है. बड़गोंदा नर्सरी क्षेत्र में हाल ही में पांच गायों का शिकार करने के बाद अब गवली पलासिया की एक गोशाला के पास तेंदुए की मौजूदगी के संकेत मिले हैं. वन विभाग ने मौके पर पगमार्क मिलने के बाद इलाके में निगरानी बढ़ा दी है. गोशाला के आसपास तेंदुए के पदचिह्न मिले हैं, जिससे उसकी मौजूदगी की पुष्टि हुई है. यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि तेंदुआ अकेला है या परिवार के साथ इलाके में घूम रहा है. उसे ट्रेस करने के लिए गोशाला के आसपास नाइट विजन कैमरे लगाए गए हैं, हालांकि तीन दिन बाद भी वह कैमरों में कैद नहीं हो सका है. जानकारी के मुताबिक, यह गोशाला महू-मंडलेश्वर रोड पर स्थित है और निजी तौर पर संचालित है, जहां गुजरात और हरियाणा नस्ल की हाईब्रिड गायें पाली जाती हैं.




# प्रशिक्षण महाअभियान को लेकर भाजपा बैठक संपन्न

**कुक्षी।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत आगामी जिला प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियों को लेकर रविवार को कुक्षी नगर स्थित वृंदावन गार्डन में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक को मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं इंदौर संभाग प्रभारी रणवीर सिंह रावत, जिला प्रशिक्षण प्रभारी किशोर शाह, जिला प्रभारी राधेश्याम यादव एवं भाजपा धार जिला ग्रामीण जिलाध्यक्ष चंचल पाटीदार ने संबोधित किया।

बैठक में आगामी प्रशिक्षण वर्ग की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। इस दौरान संगठनात्मक व्यवस्थाओं और कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन की मजबूती और कुशल कार्यकर्ता निर्माण में प्रशिक्षण वर्गों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। कार्यकर्ताओं को आगामी अभियान के लक्ष्यों से अवगत कराते हुए जिम्मेदारियां सौंपी गईं।इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता और जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जिनमें पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद शर्मा, राज बर्फा, मोहन भायल, रमेश धाड़ीवाल, पूर्व मंत्री श्रीमती रंजना बघेल, पूर्व विधायक मुकामसिंह किराड़े, पूर्व मंत्री जगदीश मुवेल शामिल थे।

साथ ही पूर्व सांसद छतर सिंह दरबार, गजेंद्र सिंह राजूखेड़ी, भाजपा प्रदेश मंत्री जयदीप पटेल, अ.ज.जा. मोर्चा प्रदेश महामंत्री वीरेंद्र बघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार सिंह मेड़ा सहित जिला पदाधिकारी, नगर मंडल अध्यक्ष युवराज सेप्टा मंडल प्रभारी एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन ओपी पाटीदार ने किया.आभार माना जिला महामंत्री महेंद्र मेरती ने.उक्त जानकारी भाजपा मिडिया प्रभारी विजय राठौर एवं मुकेश गुप्ता ने दी।

# शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी को 20 वर्ष सजा

- **पॉक्सो कोर्ट का फैसला, 4 लाख मुआवजा देने की भी सिफारिश**

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. नाबालिग से शादी का झांसा देकर लंबे समय तक दुष्कर्म करने वाले आरोपी को कोर्ट ने कड़ी सजा सुनाई है. पंचम अपर सत्र न्यायाधीश एवं विशेष पॉक्सो कोर्ट ने आरोपी मनीष अर्चवाल उम्र 21 साल को 20 वर्ष के सश्रम कारावास और 20 हजार रुपए जुर्माने से दंडित किया है. साथ ही धारा 366 भादंवि में 5 वर्ष का अतिरिक्त कारावास भी दिया है. कोर्ट ने पीड़िता को 4 लाख रुपए मुआवजा देने की अनुशंसा भी की है.**

अभियोजन के अनुसार, मामला लसूड़िया थाना क्षेत्र का है. पीड़िता ने 13 मार्च 2023 को पिता के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी. उसने बताया कि आरोपी मनीष से उसकी पहचान पारिवारिक कार्यक्रमों के दौरान हुई थी. आरोपी ने उसे शादी का झांसा देकर बहलाया और 2018 में पहली बार अपने घर बुलाकर जबरदस्ती संबंध बनाए. शिकायत में बताया गया कि इसके बाद आरोपी लगातार शादी का भरोसा देकर अलग-अलग जगहों, होटलों में ले जाकर दुष्कर्म करता रहा. फरवरी 2023 में भी आरोपी ने शादी का झांसा देकर होटल में बुलाया, लेकिन बाद में शादी से इनकार कर दिया. पुलिस ने मामले में विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया था. जांच के दौरान मेडिकल परीक्षण और गवाहों के बयान दर्ज कर चालान कोर्ट में पेश किया था. मामले में विशेष लोक अभियोजक वर्षा पाठक ने पैरवी की. कोर्ट ने 10 गवाहों के साक्ष्य के आधार पर आरोपी को दोषी मानते हुए सजा सुनाई.



# सब जेल सरदारपुर में कैदियों को दी विधिक अधिकारों के बारे में जानकारी

**सरदारपुर । धार जिले के सरदारपुर में प्रदीप कुमार सोनी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धार द्वारा सब जेल सरदारपुर में निरीक्षण एवं विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

कार्यक्रम के दौरान बंदियों को उनके विधिक अधिकारों, नि:शुल्क कानूनी सहायता, जमानत याचिका एवं अपील प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही जेल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर उनका मूल्यांकन किया गया, जो समग्र रूप से संतोषजनक पाई गई।

शिविर एवं निरीक्षण के दौरान जेल पर श्री संजय कुमार परमार सहायक जेल अधीक्षक, श्री सियाराम लिमनपुरे वारंट शाखा प्रभारी, श्री राजकुमार अहिरवार प्रहरी, श्री विकम भाबोर प्रहरी, श्री घनश्याम प्रजापति एवं अन्य ड्यूटीरत स्टॉफ उपस्थित रहे।

# बेटमा में युवक की सिर कुचलकर हत्या

इंदौर. बेटमा इलाके में 4 दिन में दो लोगों की हत्या की वारदातों ने पुलिस की चुनौती बढ़ा दी है. 6 मई की रात हुई एक कंपनी कर्मचारी की हत्या का खुलासा अभी हुआ भी नहीं था कि एक और युवक की हत्या कर दी गई. अब एक युवक की पत्थरों से सिर कुचलकर हत्या कर दी गई. हत्यारे शव को चंबल नदी के किनारे फेंककर फरार हो गए.

पुलिस अब आरोपियों का पता लगाने में जुटी हुई है. हत्या के लिए हथियारों के बजाय पत्थर का इस्तेमाल किया गया. इससे पुलिस कयास लगा रही है कि तात्कालिक विवाद के चलते युवक को मौत के घाट उतारा गया. पुलिस यह भी पता कर रही है कि युवक की किसी से पुरानी रंजिश तो नहीं थी. जानकारी अनुसार, बेटमा पुलिस को सूचना मिली थी कि बेटमा निवासी समीर पटेल घर से लापता हो गया है. इस बीच ग्रामीणों ने नदी किनारे पुल के नीचे एक शव देखा. वह समीर पटेल का शव था. शव के पास खून से सना पत्थर भी मिला, जिससे पता चला कि युवक की बेरहमी से हत्या की गई. समीर कारीगर था और टाइल्स लगाने का काम करता था.